This question paper contains 7 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.............................

113

## B.Com. (बी. कॉम.)/I Sem. B

## Paper CP 1.4—HINDI LANGUAGE (C)

## प्रश्न-पत्र CP 1.4—हिंदी भाषा (ग)

(प्रवेश वर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. किन्हीं **पाँच** शब्दों के उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए : 5

प्रदर्शनी, विशिष्ट, पराक्रम, अत्युत्तम, अभियान, आगमन, अनमोल, अपव्यय।

अथवा

किन्हीं **पाँच** शब्दों के मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए :

नम्रता, दयालु, मिठास, तैराक, मोटापा, बलवान, चालाक, बिछौना।

P.T.O.

2. किन्हीं **पाँच** शब्दों का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5

संग्रहालय, महात्मा, अत्यंत, रवीन्द्र, प्रत्युत्तर, स्वागत, सूर्योदय, परोपकार।

**अथवा**

किन्हीं **पाँच** शब्दों का समास विग्रह कीजिए :

नीलगाय, लंबोदर, अष्टाध्यायी, दोपहर, राम-सीता, रोगमुक्त, यथाशक्ति, कमलनयन।

3. किन्हीं **पाँच** शब्दों के दो-दो पर्याय लिखिए : 5

प्रकाश, ब्रह्मा, माता, वृक्ष, शरीर, साँप, हाथ, अश्व।

**अथवा**

किन्हीं **पाँच** शब्दों के विलोम बताइए :

अमृत, अंधकार, एक, आदान, उधार, आलस्य, आदर्श, आय।

4. सही क्रिया रूप द्वारा रिक्त स्थान भरिए : 5

(i) यमराज ने नचिकेता को अनेक प्रलोभन.................. (देना)

(ii) युवा पुरुष प्राय: विवेक से काम नहीं.................. (लेना)

(iii) तिरंगे झंडे के साथ भारत देश की स्वतंत्रता की कहानी .................. (जुड़ना)

(iv) हम लोग कच्ची मिट्टी के समान.................. (होना)

(v) नचिकेता अपनी बात पर दृढ़.................. (रहना)

**अथवा**

निर्देशानुसार काल बदलिए :

(i) हम पिकनिक पर जाएँगे। (वर्तमानकाल)

(ii) हमारे घर पार्टी हो रही है। (भूतकाल)

(iii) नदी तेज़ी से बह रही थी। (वर्तमानकाल)

(*iv*) नचिकेता यमपुरी जा रहा था। (भविष्यत्काल)

(*v*) नारद को उनके प्रश्न का उत्तर मिलेगा (भूतकाल)

5. निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : 5

(*i*) महात्मा गांधी ने अहिंसा का संदेश दिया। (कर्मवाच्य)

(*ii*) हम सप्ताह में एक बार सिनेमा देखने जाते हैं। (कर्मवाच्य)

(*iii*) हम प्रतिदिन नहाते हैं। (भाववाच्य)

(*iv*) बच्चा खूब रोया। (भाववाच्य)

(*v*) बच्चों से शांत नहीं रहा जाता। (कर्तृवाच्य)

**अथवा**

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

(*i*) राजकुमारी विद्योत्तमा का विवाह कालिदास से हुआ।

(संयुक्त वाक्य)

(*ii*) जयपुर जाकर हम खूब खरीदारी करेंगे।

(मिश्र वाक्य)

(*iii*) मीटिंग समाप्त हुई और सब चले गए। (सरल वाक्य)

(*iv*) बच्चे का खिलौना टूट गया और वह रोने लगा।

(सरल वाक्य)

(*v*) घर के सामने से जुलूस निकला और सब लोग बाहर आ गए। (मिश्र वाक्य)

6. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×5=15

(*i*) बोली और शैली में क्या अंतर है ?

(*ii*) शारीरिक मुद्राएँ और भंगिमाएँ किस प्रकार भाषा का रूप धारण करती हैं ?

(*iii*) औपचारिक भाषा और अनौपचारिक भाषा में क्या अन्तर है ?

(*iv*) संपर्क भाषा से क्या अभिप्राय है ?

(*v*) राष्ट्रभाषा और राजभाषा में क्या अन्तर है ?

7. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×5=15

(*i*) विज्ञापनों में किस प्रकार की हिंदी का प्रयोग होता है ?

(*ii*) बोलचाल की हिंदी और साहित्यिक हिंदी में क्या अन्तर है ?

(*iii*) कार्यालयी हिंदी की विशेषताएँ बताइए।

(*iv*) व्यावसायिक हिंदी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(*v*) दृश्य माध्यमों में प्रयुक्त हिंदी की विशेषताएँ बताइए।

8. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

(*i*) नाटक और फिल्मों में प्रयुक्त हिंदी की भाषिक संरचना में क्या अन्तर है ?

(*ii*) कॉलेज में आयोजित 'पुरस्कार वितरण समारोह' की एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

(*iii*) सीरियल में प्रयुक्त हिंदी भाषा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

9. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(*i*) भाग्य और पुरुषार्थ;

(*ii*) संघर्ष ही जीवन है;

(*iii*) भारतीय दूरदर्शन;

(*iv*) कंप्यूटर : आज की आवश्यकता।